लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 11:53 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 345, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 29 अक्टूबर 2023

PAGE NO 5 : TOP

गुरु नानक के जीवन वृतांत को किया प्रस्तुत

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा के सभागार में चल रहे थिएटर फेस्टिवल में शनिवार को एटेलियर थिएटर नई दिल्ली ने दास्तान-ए-गुरु नानक नाटक का मंचन किया। मुख्य अतिथि तुलसी मठ के संरक्षक नीरज मिश्रा और डॉ.महेंद्र सिंह बासु मौजूद रहे। चेयरमैन देव मूर्ति और अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर मंचन की शुरुआत की। कुलजीत सिंह द्वारा लिखित और निर्देशित इस नाटक में एकता, बराबरी और प्यार का संदेश दिया गया। गुरु नानक के जीवन वृतांत और उपदेशों को प्रस्तुत किया गया। गौरव सूरी और उदित खट्टर ने अहम भूमिका निभाई। सचिव आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ.एमएस बुटोला, डा.प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एलएस मौर्या, डा.अनुज कुमार, डॉ. जसप्रीत कौर, डा. रीता शर्मा, आशीष अग्रवाल, शैली सक्सेना आदि मौजूद रहे।